# लखनऊ विश्वविद्यालय

## लखनऊ, उ0प्र0—226007

Web. : www.lkouniv.ac.in, E-mail : registrar@lkouniv.ac.in, Phon/Fax : 0522-2740412

संदर्भ संख्या : एफ 2875-78 / सम्बद्धता / 2019

दिनांक : 03.02.2020

ई–मेल / रजिस्टर्ड / स्पीड पोस्ट / व्यक्तिगत

## कार्यालय ज्ञाप

संदर्भ :– विश्वविद्यालय से निर्गत नोटिस संख्या : एएफ 885–88 / सम्ब. / 2019, दिनांक 09.01.2020

सूच्य है कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशानुसार उ0प्र0 शासन द्वारा 28 फरवरी तक निरीक्षण आख्या / प्रस्ताव विश्वविद्यालय में उपलब्ध कराने एवं 10 मई, तक बी0एड0 पाठ्यक्रमों की सहयुक्तता के निस्तारण हेतु अन्तिम तिथि पूर्व से निर्धारित है। कार्यालय अभिलेखों के अनुसार विश्वविद्यालय से निम्नलिखित सहयुक्त महाविद्यालयों में पूर्व से संचालित बी0एड0 पाठ्यक्रमों की सहयुक्तता 30 जून, 2020 को समाप्त होने जा रही है, तद्नुसार बाक्स में अंकित पत्र द्वारा 28.02.2019 तक आख्या / प्रस्ताव उपलब्ध कराये जाने की अपेक्षा की गई है किन्तु अद्यतन इस सम्बन्ध में किसी महाविद्यालय द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गयी है :–

| क्रमांक | महाविद्यालय का नाम |
|---|---|
| 1. | एच0एल0वाई0 डिग्री कालेज, उतरगांव, मोहनलालगंज, लखनऊ |
| 2. | स्वतंत्र गर्ल्स डिग्री कालेज, स्नेह नगर, आलमबाग, लखनऊ |
| 3. | सिटी वोमेन्स कालेज, जानकीपुरम विस्तार, अलीगंज, लखनऊ |
| 4. | सत्यानन्द उच्च शिक्षा संस्थान, ग्राम नीवा, मेमौरा एयरवेस के सामने, सरोजनी नगर, लखनऊ |
| 5. | यशराज इंस्टीट्यूट ऑफ एजूकेशन, बाघामऊ, लखनऊ। |
| 6. | टी0डी0एल0 कालेज ऑफ इंजिनियरिंग एण्ड मैनेजमेन्ट साइन्सेज, कासिमपुर बिरूआ,गोसाईगंज, सुल्तानपु रोड, लखनऊ |
| 7. | आई0टी0एम0 कालेज ऑफ एजुकेशन,मामपुरबाना,बक्शी का तालाब ,लखनऊ |
| 8. | आर्यकुल कालेज ऑफ एजूकेशन, नटकुर, चन्द्रावल, सरोजनी नगर, लखनऊ |

अतः उक्त महाविद्यालयों को पुनः निर्देशित किया जाता है कि– **"आगामी शिक्षण सत्र 2020–21 से सहयुक्तता (जिनके तीन वर्ष के परीक्षा परिणाम प्राप्त हो चुके हैं) हेतु स्थलीय निरीक्षण आख्या अथवा पूर्व प्रदत्त सहयुक्तता को 2020–21 के लिए विस्तरण प्रदान किये जाने हेतु समस्त कमियों के निस्तारणोपरान्त सुसंगत प्रस्ताव प्रत्येक दशा में 28.02.2020 तक विश्वविद्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें अन्यथा की स्थिति में सत्र 2020–21 से बी0एड0 पाठ्यक्रम में प्रवेश प्रतिबन्धित समझा जायेगा जिसके लिए महाविद्यालय स्वयं उत्तरदायी होगा।"**

**2. उक्त के अतिरिक्त यदि किसी अन्य सहयुक्त महाविद्यालय में संचालित बी0एड0 पाठ्यक्रम की सहयुक्तता 30 जून, 2020 को समाप्त होने जा रही हो तो वे भी उक्तानुसार सहयुक्तता प्राप्त करने की कार्यवाही सुनिश्चित करने का कष्ट करें।**

(डॉ0 विनोद कुमार सिंह)
कुलसचिव

संख्या : एफ 2875-78 दिनांक : 03.02.2020

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. सचिव कुलपति को मा0 कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।
2. प्रबन्धक, समस्त उपरोक्त सम्बन्धित सहयुक्त महाविद्यालय।
3. इंचार्ज, वेबसाईट / कम्प्यूटर केन्द्र, ल0वि0वि0 को इस आशय से प्रेषित कि नोटिस को विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर अपलोड करने एवं समस्त महाविद्यालयों को ई–मेल पर प्रेषित करने का कष्ट करें।
4. गार्ड फाईल।

(वी0पी0 कौशल)
उप कुलसचिव (सम्ब.)